# Code No. 3307

**CLASS : 9th (Ninth)** **Series : 9/Annual Exam.–2026**

***Roll No.*** ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐ **MAP**

# सामाजिक विज्ञान

## SOCIAL SCIENCE

## (History, Political Science, Geography & Economics)

[ हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम ]

[ Hindi and English Medium ]

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय :* ***3*** *घण्टे ]* *[ पूर्णांक :* ***80***

*Time allowed :* ***3*** *hours ]* *[ Maximum Marks :* ***80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* ***16*** *तथा प्रश्न* ***40*** *हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are* ***16*** *in number and it contains* ***40*** *questions.*

- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये* ***कोड नम्बर*** *को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The* ***Code No.*** *on the top of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*



www.mseducationtv.com

- परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

  *Candidates must write their Roll No. on the question paper. Except Roll No. do not write anything on question paper and don't make any mark on answers of objective type questions.*

- कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* **no claim in this regard, will be entertained after examination.**

---

सामान्य निर्देश :

**General Instructions :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**All questions are compulsory.**

(ii) सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने दर्शाए गए हैं।

*Marks of all the questions are shown against them.*

(iii) प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक स्थान पर साथ-साथ दीजिए।

*Attempt all parts of a question together.*

(iv) **1** अंक वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **एक** वाक्य से अधिक न हो। बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर **सही** विकल्प चुनकर दीजिए। रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

*Answer to each question carrying* **1** *mark should not exceed more than* **one** *sentence. Answer the multiple choice questions by selecting* **correct** *option. Fill in the blanks.*



www.mseducationtv.com

(v) 2 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक न हो।

Answer to each question carrying 2 marks should not exceed 30 words.

(vi) 3 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 से 60 शब्दों से अधिक न हो।

Answer to each question carrying 3 marks should not exceed 40 to 60 words.

(vii) 5 अंकों वाले प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 से 125 शब्दों से अधिक न हो।

Answer to each question carrying 5 marks should not exceed 100 to 125 words.

(viii) प्रश्न संख्या 40 भारत के मानचित्र को भरने से संबंधित है।

Question No. 40 related to filling the Map of **India**.

(ix) भारत के मानचित्र को भरकर अपनी उत्तर-पुस्तिका के बीच मजबूती से बाँधिए।

After filling the Map of **India** it should be securely tied in the middle of the answer-book.

**1.** बंगाल का विभाजन गवर्नर जनरल ............. के शासनकाल में हुआ। 1

(A) लॉर्ड कर्जन

(B) लॉर्ड माउंटबेटन

(C) लॉर्ड रिपन

(D) लॉर्ड डलहौजी

The partition of Bengal took place during the reign of Governor General .................. .

(A) Lord Curzon

(B) Lord Mountbatten

(C) Lord Ripon

(D) Lord Dalhousie



www.mseducationtv.com

**2.** लखनऊ समझौता ................ ई० में कांग्रेस व मुस्लिम लीग के बीच हुआ। 1

(A) 1905 (B) 1916

(C) 1947 (D) 1885

Lucknow Pact was signed between Congress and Muslim League in ................ AD.

(A) 1905 (B) 1916

(C) 1947 (D) 1885

**3.** स्वामी दयानन्द ने आर्यसमाज की स्थापना ........... ई० में मुम्बई में की। 1

(A) 1893 (B) 1908

(C) 1875 (D) 1928

Swami Dayanand founded Arya Samaj in ........... AD in Mumbai.

(A) 1893 (B) 1908

(C) 1875 (D) 1928

**4.** डॉ० केशवराव बलिराम हेडगेवार को 'असहयोग आंदोलन' में सहभागिता के कारण ........... वर्ष की सजा हुई। 1

(A) 5 (B) 14

(C) 3 (D) 1

Dr. Keshav Baliram Hedgewar was imprisoned for ........ year for his participation in the "Non-cooperation Movement".

(A) 5 (B) 14

(C) 3 (D) 1



www.mseducationtv.com

**5.** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जन्म कब हुआ ? 1

(A) 23 जनवरी, 1893 ई० (B) 26 जनवरी, 1863 ई०

(C) 2 अक्टूबर, 1869 ई० (D) 16 जुलाई, 1921 ई०

When was Netaji Subhash Chandra Bose born ?

(A) 23 January, 1893 AD (B) 26 January, 1863 AD

(C) 2 October, 1869 AD (D) 16 July, 1921 AD

**6.** गदर पार्टी की स्थापना ................ में हुई। 1

(A) 1883 ई० (B) 1913 ई०

(C) 1912 ई० (D) 1909 ई०

The Ghadar Party was founded in .................. .

(A) 1883 AD (B) 1913 AD

(C) 1912 AD (D) 1909 AD

**7.** भारत का सबसे पश्चिमी देशांतर कौन-सा है ? 1

(A) 8°4' प० (B) 37°6' प०

(C) 68°7' पू० (D) 97°25' पू०

The Westernmost longitude of India is :

(A) 8°4' W. (B) 37°6' W.

(C) 68°7' E. (D) 97°25' E.

**8.** कर्क रेखा भारत को लगभग कितने भागों में बाँटती है ? 1

(A) 4 भागों (B) 3 भागों

(C) 5 भागों (D) 2 भागों



www.mseducationtv.com

How many parts does the Tropic of Cancer approximately divide India into ?

(A) 4 parts (B) 3 parts

(C) 5 parts (D) 2 parts

**9.** पूर्वी घाट का सर्वोच्च शिखर है : 1

(A) महेंद्रगिरी (B) अनाईमुडी

(C) कंचनजंगा (D) खासी

The highest peak in the Eastern Ghats is :

(A) Mahendragiri (B) Anai Mudi

(C) Kanchenjunga (D) Khasi

**10.** दक्षिणी अफ्रीका का लोकतांत्रिक संविधान बनाने में, इनमें से कौन-सा टकराव सबसे महत्त्वपूर्ण था ? 1

(A) दक्षिण अफ्रीका और उसके पड़ोसी देशों का

(B) स्त्रियों और पुरुषों का

(C) गोरे अल्पसंख्यक और अश्वेत बहुसंख्यकों का

(D) रंगीन चमड़ी वाले बहुसंख्यकों और अश्वेत अल्पसंख्यकों का

Which of these was the most salient underlying conflict in the making of a democratic constitution in South Africa ?

(A) Between South Africa and its neighbours

(B) Between men and women

(C) Between the white minority and the black majority

(D) Between the coloured majority and the black minority



www.mseducationtv.com

**11.** लोकतांत्रिक संविधान में इनमें से कौन-सा प्रावधान ***नहीं*** रहता ? 1

(A) शासन प्रमुख के अधिकार  (B) शासन प्रमुख का नाम

(C) विधायिका के अधिकार  (D) देश का नाम

Which of these is a provision that a Democratic Constitution does ***not*** have ?

(A) Powers of the head of the state  (B) Name of the head of the state

(C) Powers of the legislature  (D) Name of the country

**12.** भारतीय संविधान लिखने वाली सभा में ........ सदस्य थे। 1

(A) 246  (B) 299

(C) 108  (D) 142

The Constituent Assembly that wrote the Indian Constitution had .......... members.

(A) 246  (B) 299

(C) 108  (D) 142

**13.** इनमें से कौन-सी स्वतंत्रता भारतीय नागरिकों को ***नहीं*** है ? 1

(A) सरकार की आलोचना की स्वतंत्रता

(B) सशस्त्र विद्रोह में भाग लेने की स्वतंत्रता

(C) सरकार बदलने के लिए आंदोलन शुरू करने की स्वतंत्रता

(D) संविधान के केंद्रीय मूल्यों का विरोध करने की स्वतंत्रता



www.mseducationtv.com

Which of the following freedoms is ***not*** available to an Indian citizen ?

(A) Freedom to criticize the government

(B) Freedom to participate in armed revolution

(C) Freedom to start a movement to change the government

(D) Freedom to oppose the central values of the Constitution

**14.** भारतीय संविधान इनमें से कौन-सा अधिकार देता है ? 1

(A) काम का अधिकार

(B) पर्याप्त जीविका का अधिकार

(C) अपनी संस्कृति की रक्षा का अधिकार

(D) निजता का अधिकार

Which of the following rights is available under the Indian Constitution ?

(A) Right to work

(B) Right to adequate livelihood

(C) Right to protect one's culture

(D) Right to privacy

**15.** भारत में मूल रूप से कितने मौलिक अधिकार हैं ? 1

(A) 6 (B) 5

(C) 7 (D) 19

How many fundamental rights are there in India ?

(A) 6 (B) 5

(C) 7 (D) 19



www.mseducationtv.com

**16.** भारत में निर्धनता रेखा का आकलन कैसे किया जाता है ? 1

(A) आय स्तर
(B) शैक्षिक स्तर
(C) स्वास्थ्य स्तर
(D) सतत विकास

How is the poverty line estimated in India ?

(A) Income level
(B) Educational level
(C) Health level
(D) Continuous development

**17.** मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर के लिए कम से कम ............ दिनों के लिए रोजगार उपलब्ध कराना है। 1

(A) 120 दिन
(B) 100 दिन
(C) 150 दिन
(D) 50 दिन

The objective of MNREGA is to provide employment for at least .......... days to every household in rural area.

(A) 120 days
(B) 100 days
(C) 150 days
(D) 50 days

**18.** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरूआत कब हुई ? 1

(A) 2015
(B) 2014
(C) 2016
(D) 2024

When did the Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyan start ?

(A) 2015
(B) 2014
(C) 2016
(D) 2024



www.mseducationtv.com

**19.** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) का उद्देश्य क्या है ? 1

(A) धुँआरहित रसोईघर
(B) परिवार नियोजन
(C) निर्धनता उन्मूलन
(D) महिला सशक्तीकरण

What is the objective of the Pradhan Mantri Ujjwala Yojana (PMUY) ?

(A) Smoke-free kitchen
(B) Family planning
(C) Poverty alleviation
(D) Women empowerment

**20.** भारत में कौन-सा सामाजिक समूह सबसे गरीब है ? 1

(A) अन्य पिछड़ा वर्ग
(B) अनुसूचित जातियाँ
(C) सामान्य जातियाँ
(D) अनुसूचित जनजातियाँ

Which social group is the poorest in India ?

(A) Other Backward Classes
(B) Scheduled Castes
(C) General Castes
(D) Scheduled Tribes

**21.** विनायक दामोदर सावरकर को भारतीय क्रांतिकारी इतिहास में क्यों याद किया जाता है ? 2

Why is Vinayak Damodar Savarkar remembered in Indian revolutionary history ?

**22.** सूर्यसेन की क्रांतिकारी आंदोलन में क्या भूमिका थी ? 2

What was the role of Suryasen in the revolutionary movement ?

**23.** गंगा की ***दो*** मुख्य धाराओं के नाम लिखिए। ये कहाँ पर एक-दूसरे से मिलकर गंगा नदी का निर्माण करती हैं ? 1 + 1 = 2

Name the ***two*** headstreams of the Ganga. Where do they meet to form the Ganga ?



www.mseducationtv.com

**24.** नदी की *चार* विभिन्न अवस्थाओं के नाम लिखिए। ½ × 4 = 2

Write the names of the ***four*** different stages of a river.

**25.** प्रधानमंत्री के अधिकारों को लिखिए। 2

Write the powers of the Prime Minister.

**26.** लोकतंत्र में अधिकारों की क्या जरूरत है ? 2

What is the need for rights in a democracy ?

**27.** आर्थिक एवं गैर-आर्थिक क्रियाओं में क्या अंतर है ? 2

What is the difference between economic activities and non-economic activities ?

**28.** शिक्षित बेरोजगारी भारत के लिए एक विशेष समस्या क्यों है ? 2

Why is educated unemployment, a peculiar problem for India ?

दी गई केस स्टडी (प्रश्न संख्या – **29, 30, 31** एवं **32**) को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें :

Read the given Case study (Question Nos. - **29, 30, 31** & **32**) and answer the questions that follow :

**29.** आर्य समाज की स्थापना स्वामी दयानंद सरस्वती ने 1875 ई० में मुंबई में अपने गुरु विरजानंद की प्रेरणा से की। उन्होंने अपने गुरु से शिक्षा प्राप्त कर समाज सुधार हेतु कार्य प्रारंभ किया। उन्होंने अंधविश्वासों व कर्मकाण्डों का विरोध किया तथा हरिद्वार में 'पाखण्ड खण्डिनी पताका' फहराकर मिथ्याडंबर व कर्मकाण्ड के समर्थकों को शास्त्रार्थ में हराया। वर्ष 1863 ई० से 1875 ई० तक उन्होंने देश का भ्रमण किया। वेदों का प्रचार करने के लिए उन्होंने पूरे देश का दौरा करके विद्वानों को वेदों के महत्त्व के बारे में समझाया।

Arya Samaj was founded by Swami Dayanand Saraswati in 1875 AD in Mumbai after being inspired by his Guru Virjanand in Mumbai. He started social reform after receiving education from his Guru. He opposed



www.mseducationtv.com

superstitions and rituals, hoisted 'Pakhand Khandini Pataka' in Haridwar and defeated the supporters of rituals. From the year 1863 AD to 1875 AD, he toured across the country in order to preach the Vedas to scholars.

*प्रश्न :*

***Questions :***

(i) आर्य समाज किसका विरोध करता है ? 1

What does Arya Samaj oppose ?

(ii) स्वामी दयानंद सरस्वती के गुरु का नाम क्या था ? 1

What was the name of Swami Dayanand Saraswati's Guru ?

(iii) स्वामी दयानंद ने विद्वानों को किस महत्त्व को समझाया ? 1

What importance did Swami Dayanand explain to the scholars ?

**30.** पश्चिमी घाट, पूर्वी घाट की अपेक्षा ऊँचे हैं। पूर्वी घाट के 600 मीटर की औसत ऊँचाई की तुलना में पश्चिमी घाट की ऊँचाई 900 से 1600 मीटर है। पूर्वी घाट का विस्तार महानदी घाटी से दक्षिण में नीलगिरी तक है। पूर्वी घाट का विस्तार सतत नहीं है। ये अनियमित है एवं बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियों ने इनको काट दिया है। पश्चिमी घाट में पर्वतीय वर्षा होती है। यह वर्षा घाट के पश्चिमी ढाल पर आर्द्र हवा के टकराकर ऊपर उठने के कारण होती है। पश्चिमी घाट को विभिन्न स्थानीय नामों से जाना जाता है। पश्चिमी घाट की ऊँचाई उत्तर से दक्षिण की ओर बढ़ती है। इस भाग के शिखर ऊँचे हैं, जैसे अनाई मुडी (2,695 मी०) तथा डोडा बेटा (2,637 मी०)। पूर्वी घाट का सबसे ऊँचा शिखर महेंद्रगिरी (1,500 मी०) है। पूर्वी घाट के दक्षिण-पश्चिम में शेवराय तथा जावेडी की पहाड़ियाँ स्थित हैं।

The Western Ghats are higher than the Eastern Ghats. Their average elevation is 900-1600 metres as against 600 metres of the Eastern Ghats. The Eastern Ghats stretch from the Mahanadi Valley to the Nilgiris in the South. The Eastern Ghats are discontinuous and irregular and dissected by rivers draining into the Bay of Bengal. The Western Ghats cause orographic rain by facing the rain bearing moist winds to rise along the Western slopes of the Ghats. The Western Ghats are known by different local names. The height of the Western Ghats progressively increases from North to South. The highest peaks include the Anai Mudi (2,695 metres) and the Doda Betta (2,637 metres). Mahendragiri (1,500 metres) is the highest peak in the Eastern Ghats. Shevroy Hills and the Javadi Hills are located to the Southeast of the Eastern ghats.



www.mseducationtv.com

*प्रश्न :*

***Questions :***

(i) पूर्वी घाट का विस्तार कहाँ तक है ? 1

How far does the Eastern Ghats extend ?

(ii) पश्चिमी घाट में किस प्रकार की वर्षा होती है ? 1

What type of rainfall occurs in the Western Ghats ?

(iii) डोडा बेटा शिखर कौन-से घाट में स्थित है ? 1

In which Ghat is Doda Betta peak located ?

**31.** इसी वजह से लोकतंत्रों के लिए स्वतंत्र और प्रभावशाली न्यायपालिका को जरूरी माना जाता है। देश के विभिन्न स्तरों पर मौजूद अदालतों को सामूहिक रूप से न्यायपालिका कहा जाता है। भारतीय न्यायपालिका में पूरे देश के लिए सर्वोच्च न्यायालय, राज्यों में उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय और स्थानीय स्तर के न्यायालय होते हैं। भारत में न्यायपालिका एकीकृत है। इसका मतलब यह कि सर्वोच्च न्यायालय देश में न्यायिक प्रशासन को नियंत्रित करता है। देश की सभी अदालतों को उसका फैसला मानना होता है। वह इनमें से किसी भी विवाद की सुनवाई कर सकता है :

- देश के नागरिकों के बीच;
- नागरिकों और सरकार के बीच;
- दो या उससे अधिक राज्य सरकारों के बीच और
- केंद्र और राज्य सरकार के बीच।

यह फौजदारी और दीवानी मामले में अपील के लिए सर्वोच्च संस्था है। यह उच्च न्यायालयों के फैसलों के खिलाफ सुनवाई कर सकता है।

This is why an independent and powerful judiciary is considered essential for democracies. All the courts at different levels in a country put together are called the judiciary. The Indian Judiciary consists of a Supreme Court for the entire nation. High Courts in the States, District Courts and the courts at local level. India has an integrated judiciary. It means the Supreme Court controls the judicial administration in the country. Its decisions are binding on all other courts of the country. It can take up any dispute :

- Between citizens of the country;
- Between citizens and government;
- Between two or more state governments and
- Between governments at the union and state level.

It is the highest court of appeal in civil and criminal cases. It can hear appeals against the decisions of the High Courts.



www.mseducationtv.com

*प्रश्न :*

***Questions :***

(i) केंद्र व राज्य सरकारों के बीच विवाद की सुनवाई कौन करता है ? 1

Who hears the dispute between the central and state governments ?

(ii) राज्यों का सबसे बड़ा न्यायालय कौन-सा होता है ? 1

Which is the highest court in the states ?

(iii) न्यायपालिका किसे कहते हैं ? 1

What is the Judiciary ?

**32.** **अंत्योदय अन्न योजना**

अंत्योदय अन्न योजना दिसंबर, 2000 में शुरू की गई थी। इस योजना के अंतर्गत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली में आने वाले निर्धनता रेखा से नीचे के परिवारों में से एक करोड़ लोगों की पहचान की गई। संबंधित राज्य के ग्रामीण विकास विभागों ने गरीबी रेखा से नीचे के गरीब परिवारों को सर्वेक्षण के द्वारा चुना। 2 रुपये प्रति किलोग्राम गेहूँ और 3 रुपये प्रति किलोग्राम चावल की अत्यधिक आर्थिक सहायता प्राप्त दर पर प्रत्येक पात्र परिवार को 25 किलोग्राम अनाज उपलब्ध कराया गया। अनाज की यह मात्रा अप्रैल 2002 में 25 किलोग्राम से बढ़ाकर 35 किलोग्राम कर दी गई। जून 2003 और अगस्त 2004 में इसमें 50-50 लाख अतिरिक्त बी०पी०एल० परिवार दो बार जोड़े गए। इससे इस योजना में आने वाले परिवारों की संख्या 2 करोड़ हो गई।

**Antyodaya Anna Yojana (AAY)**

AAY was launched in December 2000. Under this scheme one crore of the poorest among the BPL families covered under the targeted public distribution system were identified. Poor families were identified by the respective state rural development departments through a Below Poverty Line (BPL) survey. Twenty five kilograms of foodgrains were made available to each eligible family at a highly subsidised rate of ₹ 2 per kg for wheat and ₹ 3 per kg for rice. This quantity has been enhanced from 25 to 35 kg with effect from April 2002. The scheme has been further expanded twice by additional 50 lakh BPL families in June 2003 and in August 2004. With this increase, 2 crore families have been covered under the AAY.

*प्रश्न :*

***Questions :***

(i) अंत्योदय अन्न योजना में पात्र परिवारों को कितने रुपये प्रति किलो की दर से गेहूँ उपलब्ध कराया जाता है ? 1

At what rate per kilogram is wheat provided to eligible families under Antyodaya Anna Yojana ?



www.mseducationtv.com

(ii) निर्धनता रेखा से नीचे के परिवारों के लिए कौन-सी योजना शुरू की गई थी ? 1

Which scheme was launched for the families below poverty line ?

(iii) अगस्त 2004 में कुल कितने परिवार अंत्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत थे ? 1

How many families were covered under Antyodaya Anna Yojana in August 2004 ?

33. गाँधीजी के आंदोलनों में स्वदेशी के महत्त्व पर विचार करें। 3

Consider the importance of Swadeshi in Gandhi's movements.

34 भारतीय मरुस्थल का वर्णन कीजिए। 3

Describe the Indian Desert.

35. भारतीय न्यायपालिका का वर्णन कीजिए। 3

Describe the Indian Judiciary.

36. गाँव में और अधिक गैर-कृषि उत्पादन प्रारंभ करने के लिए क्या किया जा सकता है ? 3

What can be done so that more non-farm production activities can be started in villages ?

37. चौधरी छोटूराम को 'किसानों का मसीहा' क्यों कहा जाता है ? 5

Why is Chaudhary Chhotu Ram called the 'massiha of farmers' ?

अथवा

OR

रोहनात में क्रांति का वर्णन करें।

Describe the revolution in Rohanat.

38. शीत ऋतु की अवस्था एवं उसकी विशेषताएँ बताएँ। 5

Give an account of weather conditions and characteristics of the cold season.

अथवा

OR

भारत में होने वाली मानसूनी वर्षा के प्रभाव एवं उसकी विशेषताएँ बताएँ।

Give the characteristics and effects of the monsoon rainfall in India.



www.mseducationtv.com

**39.** भारत में चुनाव आयोग को कौन-कौन-से अधिकार प्राप्त हैं ? 5

What are the powers of the Election Commission of India ?

अथवा

**OR**

भारत में चुनाव क्यों लोकतांत्रिक हैं ?

Why are elections democratic in India ?

**40.** दिए गए *भारत* के रूपरेखा मानचित्र पर निम्नलिखित स्थानों को दर्शाइए : 5

On the given outline Map of ***India*** show the following places :

(i) क्रांतिकारी आंदोलन केन्द्र 'काकोरी'

Centre of the revolutionary movement 'Kakori'

(ii) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जन्मस्थान 'कटक'

Birth place of Netaji Subhash Chandra Bose 'Cuttack'

(iii) मालाबार तट

Malabar Coast

(iv) 'कॉर्बेट' नेशनल पार्क

'Corbett' National Park

(v) 'सरिस्का' वन्य प्राणी अभयवन

'Sariska' Wildlife Sanctuary



www.mseducationtv.com